राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: jdacad1960@gmail.com Ph.: 0141-2706550 (O)

क्रमांक : एफ 7(4) विविध/अकाद/आकाशि/2024–00787

प्राचार्य
समस्त राजकीय/निजी महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषय :–महाविद्यालयों में मादक पदार्थों से होने वालो दुष्प्रभावों के प्रति व्यापक जागरूकता कार्यक्रम एवं नशा विरोधी घोषणा पत्र भरवाये जाने के संबंध में।

सन्दर्भः– सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली का पत्र दिनांक 18.06.2024।

उपरोक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में **"नशा मुक्त भारत अभियान"** के अन्तर्गत नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

अतः समस्त महाविद्यालय सन्दर्भित पत्र की पालना करते हुए महाविद्यालय में एण्टी–रैगिंग, सड़क सुरक्षा आदि के समान ही नशा मुक्ति क्लब का गठन कर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करवाये, साथ ही विद्यार्थियों से प्रवेश के समय संलग्न नशा विरोधी घोषणा पत्र भरवाया जाना सुनिश्चित करें। महाविद्यालय में दिनांक 26.06.2024 को अन्तर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करें तथा विद्यार्थियों को ई–शपथ दिलवायें।

ई–शपथ का लिंक निम्नानुसार है– https://pledge.mygov.in/fightagainstdrugabuse/

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार

(प्रो0 विजय सिंह जाट)
संयुक्त निदेशक (अकादमिक)

क्रमांक : एफ 7(4) विविध/अकाद/आकाशि/2024–00787

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव उच्च शिक्षा विभाग राजस्थान, जयपुर ।
2. निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. निजी सचिव, अतिरिक्त आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
4. वेब साईट प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर को अपलोड हेतु।
5. रक्षित पत्रावली।

(प्रो0 विजय सिंह जाट)
संयुक्त निदेशक (अकादमिक)

Signature valid
Digitally signed by Vijay Singh Jat
Designation : Joint Director
Date: 2024.06.25 21:33:02 IST
Reason: Approved
RajKaj Ref
15325639

विधार्थी द्वारा भरे जाने वाला नशा विरोधी घोषणा पत्र

मैं .... (नाम) पुत्र/पुत्री श्री /श्रीमती ....(नाम) पाठयक्रम और वर्ष...संस्था का नाम .... सत्र .... निम्नलिखित घोषणा करता हूँ–

1. मैं जानता हूँ कि शराब/तंबाकू/किसी भी मन या व्यवहार को प्रभावित करने वाले किसी भी पदार्थ को रखना, उपयोग, बिक्री और वितरण करना गलत और हानिकारक है।
2. मैं महाविद्यालय परिसर के भीतर तथा महाविद्यालय द्वारा प्रायोजित गतिविधियों के दौरान शराब/तंबाकू/किसी भी मनो–सक्रिय पदार्थ का उपयोग करने, उसके प्रभाव में रहने, रखने, वितरित करने, बेचने या रखने की साजिश रचने या बिक्री एवं वितरण की श्रृंखला में शामिल नहीं होगें।
3. महाविद्यालय परिसर में शराब/तंबाकू/किसी भी मनो–सक्रिय पदार्थ के कब्जे, उपयोग, बिक्री एवं वितरण के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की संदेहास्पद गतिविधि के बारे में महाविद्यालय के अधिकारियों को अनिवार्य रूप से सूचित करूगां।
4. मैं महाविद्यालय/सरकार द्वारा आयोजित किये जाने वाले मादक द्रव्य उपयोग रोकथाम जागरूकता कार्यक्रम, कार्यक्रम का समर्थन और सक्रिय रूप से भाग लूगां, जो मुझे एक बेहतर विद्यार्थी और भारत का नागरिक बनने में सक्षम बनायेगा।
5. मेरे महाविद्यालय या उसके आस–पास किसी भी मादक पदार्थ से सम्बन्धित घटना की जॉच में संस्थान के अधिकारियों द्वारा और अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ सहयोग करूगां, जिसकी मुझे जानकारी होगी तथा किसी भी मनो–सक्रिय पदार्थ के कब्जे, उपयोग, बिक्री, वितरण को रोकने के लिए संस्थान की मदद करूगां।

दिनांक .... विद्यार्थी का नाम

हस्ताक्षर ....

Pledge Link

https://pledge.mygov.in/fightagainstdrugabuse/